# संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा ने किया यूजीसी का विरोध




**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा जनपद मुजफ्फरनगर के द्वारा सरकार द्वारा बनाया गया काला कानून यूजीसी कपूर जो विरोध किया गया महासभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा की है काला कानून है इसको सरकार को तुरंत वापस लेना चाहिए स्वर्ण जाति मे बनिया ब्राह्मण राजपूत कायस्थ जैन त्यागी यह सभी देश की रीड की हड्डी है इस काले कानून को तुरंत वापस लिया जाए स्वर्ण वर्ग पहले ही एससी एसटी का दंस झेल रहा है यह आपस में हिंदुओं को बांटने की साजिश है ओबीसी भी स्वर्ण जाति से अलग नहीं होना चाहते हैं उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अगर यह कानून वापस नहीं होता है तो इससे भी बड़े आंदोलन पूरे प्रदेश और देश के अंदर होंगे साथी सुनने मारा की 1 फरवरी को भारत बंद की कॉल आ रही है अगर ऐसा है हम पूर्ण समर्थन बंद में करेंगे धरना प्रदर्शन में संजय मित्तल, सुनील सिंघल, सुरेंद्र अग्रवाल, अनिल तायल, विश्वदीप, बिट्टू, अशोक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अमित, बंटी, कशिश गोयल, लवी गोयल, संजीव गोयल, अचिन कंसल ,पवन अग्रवाल, पवन बंसल, नीरज बंसल, धर्मेंद्र तायल, अजय सिंघल, नवनीत कुछल,सुशील शर्मा, विपिन गोयल, अविरल मित्तल, निशांक जैन, अशोक सिंघल, पुरुषोत्तम सिंगल, गोपाल मित्तल, दीपक नारंग, नरेश अरोड़ा, दिनेश गुप्ता, शिव कुमार, विपिन मित्तल, शिशुकांत गर्ग, नवीन तायल, मयंक बंसल, अनिल बंसल,शरद गुप्ता, पुनीत सिंघल, अजय गर्ग, मनोज शर्मा, चौहान मुदित जैन, दिनेश बंसल, भानु प्रताप, सुनील नमकीन आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे

## खाप थांबेदार के साथ दुर्व्यवहार पर राठी खाप में रोष

**मोरना।** गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान खाप थाम्बेदार के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर राठी खाप द्वारा पंचायत कर रोष प्रकट किया गया। राठी खाप के थाम्बेदार कृष्णपाल राठी के साथ मुज़फ्फरनगर मे आयोजित कार्यक्रम मे पुलिस द्वारा किये गये अभद्र व्यवहार पर भारी रोष प्रकट किया गया।राठी खाप के थाम्बेदार प्रमोद राठी ने कहा की मुज़फ्फरनगर गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान थाम्बेदार कृष्णपाल सिँह के साथ पुलिस अधिकारी द्वारा किये गये दुर्व्यवहार को लेकर राठी खाप मे भारी रोष है।वह अधिकारी या तो इस प्रकरण में माफी मागे अन्यथा राठी खाप इसमे कठोर निर्णय लेगी। पंचायत मे राठी खाप के थाम्बेदार प्रमोद राठी, सहायक मनोज उर्फ़ बिन्नू राठी, नीरज राठी छछ रौली, धर्मपाल राठी,नरेशपाल राठी ,रविन्द्र राठी,राजसिँह राठी,अमित राठी आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान एम0ए0सी0टी0/ए0डी0जे0 प्रथम महोदय हरिद्वार।**

एम0ए0सी0 न0-15 सन 2024

1-बारू पुत्र सूण्डा उम्र करीब 71 वर्ष (पति)
2-सौराज पुत्र बारू उम्र करीब 31 वर्ष (पुत्र)
निवासीगण ग्राम टिकौला, थाना पथरी, तहसील व जिला हरिद्वार।

...पैटिशनर / क्लेमेन्टगण

बनाम

1-ताज मौहम्मद पुत्र नसीबुद्दीन निवासी ग्राम पुरवालियान, डा0 खास, थाना मंसूरपुर, जिला मुजफ्फरनगर उ0प्र0-पिन कोड-251203 वाहन स्वामी, वाहन संख्या UP12AY3590 (टी0वी0एस0 अपाचे मोटर साईकिल)।
2-दि न्यू इण्डिया इश्योरेन्स कम्पनी लि0 शाखा कार्यालय रानीपुर मोड हरिद्वार, बीमा कम्पनी वाहन संख्या UP12AY3590 (टी0वी0एस0 अपाचे मोटर साईकिल)।

...... विपक्षीगण

हरगाह क्लेमेन्टस बारू आदि ने एक मोटर एक्सीडेन्ट क्लेम एम0ए0सी0पी0 सं0-15 सन 2024 बारू आदि बनाम ताज मौहम्मद आदि दायर किया है जिसमें आप विपक्षीगण है आप नोटिस प्रेषित होने के उपरान्त भी मान्य न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे हैं। लिहाजा आपको आदेशित किया जाता है कि आप बतारिख 12 माह 2 सन 2026 के समय सुबह 10:00 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो क्लेम पैटिशन के हालात से करार वाकई किया गया हो और उमूरात अहम मूतालिक क्लेम पैटिशन का जवाब दे सके, आपको लाजिम है कि उस रोज आप अपने दस्तावेज जिन पर अपनी जवाब देही की ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे, आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर ना होगे तो क्लेम पैटिशन आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय सुना व निर्णित होगा। बसख्त मेरा दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 21 माह 01 सन 2026 ई0 को जारी किया गया।

**न्यायालय श्रीमान मोटर एक्सीडेन्टल क्लेम ट्रिब्यू0/ प्रथम अपर जिला जज हरिद्वार।**

**NOTICE**

I SHADAB KHAN S/O RIZWAN KHAN R/O H.NO. 87, South Khalapar P.S. Kotwali Nagar, Distt. Muzaffarnagar declares that I have changed my name from SHADAB AHAMAD to SHADAB KHAN for all future purposes.

**सूचना**

मेरा पुत्र शाकिर अली मेरे व मेरे परिवार के साथ बदतमीजी व गाली-गलौच करता है तथा मैने व मेरे परिवार ने शाकिर अली को कई बार समझाया लेकिन वह अपनी हरकतो से बाज नही आ रहा है। मेरे बेटे शाकिर अली का उठना बैठना गलत लोगों के साथ है। मै शाकिर अली से काफी तंग व परेशान आ चुका हूॅं। इसलिए मैने उसको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। शाकिर अली अपने किसी भी कृत्य व कार्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। शाकिर अली के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व वाद से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नही होगा।

**गय्यूर अली पुत्र रहम इलाही निवासी ग्राम सिसौना थाना छपार तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर**

# मदरसा इस्लामिया अरबिया फैजुल कुरआन में इम्तिहान हुए मुनकिद



**मुजफ्फरनगर।** मदरसा इस्लामिया फैजुल कुरान केवलपुरी में सालाना इम्तिहान मुनक्किद किये गये। सभी तालिब-ए- इल्म ने अच्छी कारगर्दी का मुजाहिरा किया।इस वर्ष दो बच्चों ने कलाम पाक पूर्ण हिफ्ज किया। आज मदरसे के मोहतमिम मुफती अब्दुल्ला कारी नफीस, मौलाना नौशाद, कारी आकिल, मौलाना रिजवान, मौलवी सदाकत, कारी अब्दुल रशीद, मौलाना गालिब रहे। इम्तिहान के बाद एक जलसा भी मुनक्किद किया गया।

जिसके खसूसी मेहमान आली जनाब मुफ्ती आजम साहब बागोवाली रहे। उन्होंने अपने खिताब में फरमाया कि कुरआन को सिर्फ याद कर लेना ही असल मकसद नही है, बल्कि कुरआन के हुक्म के मुताबिक जिन्दगी गुजारना असली मकसद है। उन्होंने वालिदैन से मुखातिब होते हुए कि बच्चों को आला-से आला तालीम कराये। जलसे में चौधरी अख्तर, हाजी शमशाद अब्बासी, मा.शानेआलम आलम आदि मौजूद रहे। मदरसा इस्लामिया फैजुल कुरआन में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण मुफ्ती अब्दुल्ला साहब, इमामो हतीब, ताज मस्जिद ने किया।

इसके बाद मदरसे में प्रोग्राम हुआ। जिसकी सदारत चौ.अख्तर व संचालन मुफ्ती साकिब ने किया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कारी मौ.दिलशाद मोहतमिम मदरसा ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

**सूचना**

मेरा पुत्र तालिब मेरे व मेरे परिवार से लगभग डेढ वर्ष से अलग रहता है। तालिब मेरे कहने सुनने में नही है इसलिए मैने उसको अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं तालिब अपने किसी भी कृत्य व कार्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। तालिब के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व वाद से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नही होगा।

**उसमान पुत्र सफदर निवासी ग्राम बिलासपुर थाना नई मंडी जिला-मुजफ्फरनगर**

## पुलिया के चौड़ीकरण को भाजपा ने एक्शन को किया तलब

**मोरना।** मोरना में मुख्य चौराहे पर लगने वाले भीषण जाम की समस्या को लेकर ग्रामीण व समा. जसेवी पुलिया चौड़ीकरण की मांग वर्षों से कर रहे हैँ। गुरुवार को भाजपा नेता ने लोकनिर्माण के अधिकारी को मौके पर बुलाकर समस्या से अवगत कराते हुए तुरंत समाधान को कहा है।भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने बताया की मोरना मे चौधरी चरण सिंह चौक पर लगने वाले जाम से स्थानीय जनता और राहगीरों को असुविधा हो रही है। यह चौराहा प्रत्येक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।शुकतीर्थ जाने वाले श्रद्धालुओं व नागरिकों को होने वाली परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल राणा से बात की गयी।और मौके पर बुलाकर समस्या से अवगत कराया गया।

व तुरंत पुलिया व मार्ग के चौड़ीकरण करने को कहा।

इस दौरान मा.ऋषिपाल सिंह, ओमपाल सिंह,मोनू कुमार,सुगन पाल, सुनील, लोकेश, विकास, अंकित, शाहवेज, ताराचंद,दीपक आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 3556/19/03/2021 मैं गलती से पिता का नाम मोहम्मद इनाम कर दिया था जबकि जबकि वास्तविक नाम इनाम सैफी है और माता का नाम गुलिस्ता भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा शुद्धीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**इनाम सैफी पुत्र इकराम ग्राम बुडीना खुर्द जिला व तहसील मुजफ्फरनगर**

**नाम शुद्धिकरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट (पासपोर्ट संख्या J0966937) में त्रुटिवश मेरा नाम MOHAMMAD AKHTAR दर्ज हो गया था। मेरा वास्तविक एवं सही नाम अख्तर (AKHTAR) है, जो मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, तथा अन्य सभी सरकारी/शैक्षिक दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से अंकित है। भविष्य मे मुझे अख्तर / AKHTAR नाम से ही जाना जाये

**जारीकर्ता**
**अख्तर पुत्र जान मोहम्मद मकान नंबर 996/712 साउथ खालापार, थाना खालापार, जनपद मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश**

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत श्रीमती अनीता रानी पत्नी श्री कुलदीप कुमार, निवासी म0नं0-445 उत्तरी सिविल लाईन, हाल निवासी 488/2, मल्हूपुरा, गली नं0-7, साकेत कॉलोनी, तहसील व जनपद-मुजफ्फरनगर, उ०प्र० के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं0:- MZDA/BP/25/26/0374 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं0-352, ग्राम - रामपुर, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ०प्र० के कुल क्षेत्रफल 194.71 वर्गमी0 पर "शॉपिंग सेन्टर" के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत स्थल खसरा नं0-352, ग्राम - रामपुर, जिला-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 45 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त "सामुदायिक सुविधाएं "भू-उपयोग मे दर्शित है। अवगत कराना है कि उ०प्र० विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15(आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.3 के अनुसार "सामुदायिक सुविधाएं" भू-उपयोग के अन्तर्गत "शॉपिंग सेन्टर" की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन/महायोजना के अनुसार प्रमुख भूदुउपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यतः अनुमन्य/सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn/yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते है। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर

## विज्ञप्ति माल मुकदमाती वाहनों के संबंध में सूचना थाना सिविल लाईन मुजफ्फरनगर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना सिविल मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) पर विभिन्न वाहन माल मुकदमाती खडे हुए है जिनके खुले आसमान के नीचे खडे रहने से खुर्द-बुर्द होने का पूर्ण अन्देशा है अतः निम्न वर्णित सूची में यदि किसी वाहन पर किसी व्यक्ति का स्वामित्व हो तो 15 दिवस के अन्दर **प्रभारी निरीक्षक सिविल लाईन मुजफ्फरनगर** (94544040064, 9456470658) अथवा थाना सिविल लाईन पर सम्पर्क करे। उक्त अवधि के उपरान्त निम्नलिखित वाहनों के निस्तारण/नीलामी की प्रक्रिया आरम्भ कर दी जायेगी।

| क्रम सं. | मु.अ.स. | धारा | मार्का | रजि. न. | चैसिस नं. | इंजन न. | दिनांक दाखिला | वाहन स्वामी का नाम पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 869/15 | 379 भादवि | स्पलैण्डर | UP12AC 6724 | MBLHA10A SDHD49941 | HA10ELD29083 | | N1 NATIONAL INS COMPANY ADD- आर्य समाज रोड मु.नगर |
| 2. | 208/23 | 379/411/ 414/भादवि | स्पलैण्डर | UP12BK 8961 | MBLHAW128N HA19877 | HA11EDNHA 04917 | 13.06.23 | नूरजहाँ पुत्र मौ. हनीफ नि. 529 राम लीला टीला मु.नगर 251001 |
| 3. | 378/23 | 307/411/41 4/465/383/ 1PC/3/4/25 /28A.ACT | ईको वेन | बिना नम्बर | चै. न. पूर्ण नहीं है | अपठित | 05.11.23 | नामालूम |
| 4. | 235/23 | 279/337/42 7/1PC | स्पलैण्डर 2019 | UP12AL 7519 | MBLHACGGHD 15357 | HA10ERGHD 14068 | 07.07.23 | इशान्त कुमार पुत्र उमेश नि. 300 घासीपुरा जाराहुसैनपुर भोपारा मु.नगर |
| 5. | 241/24 | 125/128/ 324/(4,5) | वरना 2020 | DL9CU 0424 | MAKP212JBN00 1609 | K24Z20003174 | 10.11.24 | आलोक त्यागी पुत्र जयप्रकाश त्यागी नि.बी.156 विवेक विहार फेस-1 नियर विहार मन्दिर दिल्ली हाल पता मं. सं. 253 साउथ सिविल लाइन मु.नगर |
| 6. | 59/25 | 305/331(4) /109/317 (5)/बीएनए स व 3/25/27 आर्म्स एक्ट | स्पलेण्डर 2014 | DL1SX 4331 | MBLHA10AME9 H00653 | HA10EJE9H0 0253 | 12.03.25 | सलमान पुत्र मौ. अथर नि. एन-76/57 धोबी घाट नई ओम नगर संगम पार्क राना प्रताप बाग दिल्ली |
| 7. | 85/25 | 70(2)/351( 2) BNS व 5G/6पोक्सो एक्ट | सेन्ट्रो | UP12Y 9303 | MALAA51HLBM 674967 | G4HGBM281599 | 05.04.25 | मौ. शाबिर पुत्र मौ. अब्बास नि. सुजडू कुंगर पट्टी थाना खालापार मु.नगर |
| 8. | 117/25 | 109/351(4) /317(2) BNS | स्पलेण्डर | UP12BN 0735 | MBLHAW116N4 F10477 | HA11EVN4F1 0172 | 15.05.25 | राजीव पुत्र जयवीर नि. 158 मसूंरपुर मु.नगर 6398486265 |
| 9. | 138/25 | 109(1)/317 (2)/ बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट | स्पलेण्डर | UP12 AW9796 | MBLHAR074JHJ 35020 | HA10AGJHJ6 6328 | 30.05.25 | पुष्पा पुत्र अशोक मलिक नि. कादी खेडा बघरा थाना तितावी मु.नगर |
| 10. | 141/25 | 109(1)/337 (5) बीएनएस व 3/25/28 आर्म्स एक्ट | स्पलेण्डर | बिना नम्बर | अपिठत | अपिठत | 01.06.25 | नामालूम |
| 11. | 192/25 | 3/5/9/25 A. ACT | स्पलेण्डर | बिना नम्बर | अपिठत | अपिठत | 01.06.25 | नामालूम |
| 12. | 196/25 | 303(2)/317 (2)/ बीएनएस | स्पलेण्डर | UP12AS 1474 | MBLHAE088HH L31352 | HA10AGHHL C2967 | 15.08.25 | आसिफ पुत्र असरीन खान नि. 85/50 खालापार मु.नगर |
| 13. | 207/25 | 317(4)/317 (5)/345 बीएनएस | स्पलेण्डर | बिना नम्बर | 06C29F1X130 | 06C29E13550 | 23.08.25 | अपठित |
| 14. | 207/25 | 317(4)/317 (5)/345 बीएनएस | स्पलेण्डर | बिना नम्बर | अपठित | अपठित | 23.08.25 | अपठित |
| 15. | 216/25 | 281/125बी बीएनएस | स्पलेण्डर | UP12BC 9278 | MBLJAW097L9 B03356 | JA05EGL9B0 6235 | 03.09.25 | फरमान पुत्र शेरअली नि. सरवट गांव हाजीपुर मु.नगर |
| 16. | 218/25 | 318(4)/338 /336(2)/ 340/(2) बीएनएस | एक्टिवा | UP15DP 0811 | ME4JF914JMW 4498426 | JF91EW1498 527 | 05.09.25 | अन्तिम पत्नी सुमित कुमार नि. ग्राम कस्तला शमशेर नगर थाना इंचौली मु.नगर |
| 17. | 268/25 | 109(1)/337 (5)बीएनएस व 3/25/28 आर्म्स एक्ट | स्पलेण्डर 2015 | UP12AK 0537 | MBLHA10BWF HF71403 | HA10EWFHF 29823 | 15.10.25 | संजीव कुमार पुत्र सूरत सिंह नि. 21 टांडा माजरा थाना बुढ़ाना मु. नगर हाल पता आदर्श मण्डी शामली-9761482388 |
| 18. | 296/25 | 303(2)/317 (2)बीएनएस 4/25 A ACT | स्पलेण्डर 2015 | UP12AQ 0752 | MBLHAR082HH E19378 | HA10AGHHE B5707 | 21.11.25 | कवंर पाल पुत्र आशाराम नि. अमित विहार कुकडा मु.नगर |
| 19. | 311/25 | 303(2)/317 (2) BNS | एक्टिवा | बिना नम्बर | अपठित | अपठित | 04.12.25 | नामालूम |
| 20. | 318/25 | 281/125/12 5 B BNS | अपाचे | UP11 CC5965 | MD637D57M2G 06728 | GE5GM28065 85 | | अमित धीमान पुत्र राजेन्द्र धीमान नि. म. स. 1426/37ए गली नं. 4 शारदा नगर नाले की पट्टी सहारनपुर |
| 21. | 329/25 | 8/21/22/60/ NDPS ACT | सू. स्पलै. | UP12AQ 6832 | MBLJAR035H9 G34205 | JA05EGH9G3 8053 | 22.01.26 | पूजा जैन पत्नी परवीन जैन नि. 123 सुथाराशाही मु.नगर |
| 22. | 04/26 | 109(1)/337 (5)बीएनएस व 3/25/28 आर्म्स एक्ट | स्पलै. | बिना नम्बर | अपठित | अपठित | 04.01.26 | नामालूम |

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**
**मुजफ्फरनगर**

# खतौली में यूजीसी कानून को लेकर स्वर्ण समाज ने जताया आक्रोश

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लागू किए गए नए नियमों के विरोध में मंगलवार को खतौली में स्वर्ण समाज का आक्रोश खुलकर सड़कों पर दिखाई दिया। ब्राह्मण, ठाकुर समेत सामान्य वर्ग के विभिन्न संगठनों से जुड़े हजारों लोगों ने एकजुट होकर इन नियमों को काला कानून बताते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी गन्ना समिति से जुलूस के रूप में चलकर जानसठ तिराहे तक पहुंचे। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए लोग सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। मोदी मुर्दाबाद, सरकार मुर्दाबाद, योगी जिंदाबाद और ह्योगी से बैर नहीं, मोदी तेरी खैर नहींह्व जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। जुलूस के दौरान पुलिस द्वारा रोकने की कोशिश पर प्रदर्शनकारियों से तीखी बहस भी हुई, जिससे कुछ देर के लिए नगर के प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रभावित रहा।

भाजपा से जुड़े कार्यकर्ता भी आंदोलन में हुए शामिल

इस प्रदर्शन की सबसे अहम बात यह रही कि सत्ताधारी दल भाजपा से जुड़े कई कार्यकर्ता और स्थानीय नेता भी अपनी ही सरकार के फैसले के विरोध में सड़कों पर उतरे। वक्ताओं ने साफ कहा कि यदि निर्धारित तिथि तक यूजीसी के ये नियम वापस नहीं लिए गए, तो आंदोलन को और तेज करते हुए इसे प्रदेश स्तर तक फैलाया जाएगा।

सामाजिक समरसता पर खतरे का आरोप

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सुधीश पुंडीर और छात्र नेता विनोद ठाकुर ने कहा कि यूजीसी के नए नियम शिक्षा व्यवस्था में असंतुलन पैदा करेंगे और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच दूरियां बढ़ाएंगे। महासभा अध्यक्ष केपी शर्मा ने इसे सामान्य वर्ग के छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बताया। वहीं मुकेश शर्मा ने चेतावनी दी कि इन नियमों से जातीय तनाव बढ़ सकता है, जिसका सीधा असर समाज और शिक्षा दोनों पर पड़ेगा।

राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

प्रदर्शन के समापन पर एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार अरविंद कुमार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रशासन की ओर से ज्ञापन को उच्चाधिकारियों तक भेजने का आश्वासन दिए जाने के बाद आंदोलन शांतिपूर्वक समाप्त हो गया।

कोर्ट की रोक की खबर से दौड़ी खुशी की लहरइधर, आंदोलन के बाद यूजीसी के कथित काले कानून पर कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने की सूचना मिलते ही प्रदर्शनकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने इसे अपनी एकजुटता और संघर्ष की जीत बताया।प्रदर्शन में सुधीश पुंडीर, गौरव उर्फ बंटी शर्मा, तुषार चौधरी, सोनू ठाकुर, अनिल पुंडीर, देवेश शर्मा, मनोज चौहान, विनोद कुमार, विनोद राजपूत, यशपाल सिंह, चंद्रपाल राजपूत, प्रशांत पंडित, अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

फोटो रू यूजीसी के कथित काले कानून के विरोध में खतौली की सड़कों पर प्रदर्शन करता स्वर्ण समाज।

**वही दूसरी ओर खतौली में** यूजीसी के कथित 'काले कानून' के खिलाफ बुधवार को हुए विशाल विरोध प्रदर्शन ने खतौली नगर की सामान्य दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के सड़कों पर उतरने से नगर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई और प्रमुख मार्गों पर कई-कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

प्रदर्शन के चलते मुख्य चौराहों और संपर्क सड़कों पर आवागमन लगभग ठप हो गया। जाम की स्थिति इतनी गंभीर रही कि वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय नागरिकों को घंटों तक परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्कूल जाने वाले बच्चों से भरे वाहन, दुपहिया सवार, बुजुर्ग और महिलाएं जाम में फंसे नजर आए। कई लोग मजबूरी में अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पैदल ही निकल पड़े।जाम का असर बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड और अन्य महत्वपूर्ण मार्गों तक फैल गया। आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन भी फंसे रहे, जिससे लोगों की चिंताएं और बढ़ गईं। पुलिस प्रशासन ने वैकल्पिक मार्गों से यातायात सुचारु कराने का प्रयास किया, लेकिन भारी भीड़ के कारण स्थिति को संभालने में समय लग गया। प्रदर्शन समाप्त होने के बाद कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल के नेतृत्व में खतौली पुलिस ने मोर्चा संभाला। पुलिस बल ने पूरी सक्रियता के साथ जाम खुलवाने का अभियान चलाया और धीरे-धीरे सड़कों से वाहनों को निकालकर यातायात को सामान्य किया। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाकर नगर ने राहत की सांस ली।जाम खुलने पर लोगों ने पुलिस की मेहनत की सराहना की, वहीं भविष्य में ऐसे बड़े आंदोलनों के दौरान बेहतर यातायात प्रबंधन की मांग भी उठाई, ताकि आम जनता को बार-बार इस तरह की परेशानी न झेलनी पड़े।

## अवैध तमंचा व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**मीरापुर।** पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत सराहनीय कार्रवाई की है। क्षेत्राधिकारी जानसठ रुपाली राव चौधरी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जमालपुर बांगर मीरापुर मार्ग पर टड्यूबवेल के पास चेकिंग के दौरान एक अभियुकत को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुकत के कब्जे से एक 12 बोर का अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस संबंध में थाना मीरापुर पर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीख्रत किया गया है। पुलिस द्वारा अभियुकत के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# जयपुर की कराटे प्रतियोगिता में चमके जिले के होनहार




**मुजफ्फरनगर।** खेल कराटे स्कूल गेम्स सीजन 3 का आयोजन 24,25 जनवरी 2026 को ज्ञान विहार स्कूल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स जयपुर में आयोजित की गई यह प्रतियोगिता स्कूली कराटे राष्ट्रीय चैंपियनशिप स्तर पर आयोजित की गई यह युवाओं के लिए अनुशासन पर केंद्रित एक बड़ा आयोजन था इसमें राष्ट्रीय स्तर पर 100 से अधिक स्कूली टीमों ने भाग लिया

इस खेल कराटे स्कूल गेम्स प्रतियोगिता में दस वर्षीय वर्ग में मेरी धेवती कुमारी आध्या ने कांस्य पदक जीतकर उत्तर प्रदेश के साथ जनपद मुजफ्फरनगर का नाम रोशन किया है आध्या के,एल इंटरनेशनल स्कूल मेरठ में अध्ययनरत हैं आध्या संतोष हास्पिटल मुजफ्फरनगर के एम.डी. आदितय की सुपुत्री है आध्या के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर परिवार में खुशी का माहौल है

# मोरना मिल के विस्तारीकरण को 261.91 करोड़ की स्वीकृति

**मुजफ्फरनगर।** विधानसभा मीरापुर क्षेत्र के मोरना चीनी मिल के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए 261.91 करोड़ की स्वीकृति हमारी सरकार द्वारा दी गई है। यह निर्णय मीरापुर विधानसभा के गन्ना किसानों की वर्षों पुरानी मांग और विधानसभा स्तर पर किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मोरना क्षेत्र के किसान लंबे समय से पेराई में देरी और मिल की सीमित क्षमता से परेशान थे। इन जमीनी समस्याओं को मैंने लगातार सरकार के समक्ष उठाया और किसानों की आवाज़ को मजबूती से रखा। इस महत्वपूर्ण निर्णय में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का सहयोग और सकारात्मक भूमिका सराहनीय रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हमारी सरकार ने मीरापुर विधानसभा के किसानों को यह बड़ी राहत दी है। मोरना चीनी मिल का विस्तार किसानों के लिए बेहतर पेराई, समय पर भुगतान और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर

**विज्ञप्ति माल मुकदमाती वाहनों के संबंध में सूचना थाना सिविल लाईन मुजफ्फरनगर**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना सिविल मुजफरनगर (उ.प्र.) पर विभिन्न वाहन माल मुकदमाती/एम.वी.एक्ट खडे हुए है जिनके खुले आसमान के नीचे खडे रहने से खुर्द-बुर्द होने का पूर्ण अन्देशा है अत: निम्न वर्णित सूची में यदि किसी वाहन पर किसी व्यक्ति का स्वामित्व हो तो 15 दिवस के अन्दर **प्रभारी निरीक्षक सिविल लाईन मुजफ्फरनगर** (9454404064, 9456470658) अथवा थाना सिविल लाईन पर सम्पर्क करे। उक्त अवधि के उपरान्त निम्नलिखित वाहनों के निस्तारण/नीलामी की प्रक्रिया आरम्भ कर दी जायेगी।

| क्रम सं. | धारा | मार्का | रजि. न. | चैसिस नं. | इंजन नं. | दिनांक दाखिला | वाहन स्वामी का नाम पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 207 M.V. ACT | पल्सर | UP 12 AA1748 | MD2DHDJ ZZUCK16666 | DJGBUK62014 | 27.04.25 | मो. अमीर पुत्र नूरदीन |
| 2. | 207 M.V. ACT | स्पलैण्डर | बिना नम्बर | 04J16F0246 8 | अपठित | 05.05.25 | ई-चालान एप पर रिकॉर्ड नहीं दिखा रहा है। |
| 3. | 207 M.V. ACT | पैशन पल्स | UP 15M 4652 | 01F21C0654 5 | 01F21M00076 | 07.05.25 | अखलाक पुत्र हबीब नि. ग्राम मौ. खुर्द मवाना मेरठ |
| 4. | 207 M.V. ACT | बुलट 2018 | DL3SDX 1811 | ME3U3S5C 1HM568056 | U3S5C1HM23 1646 | 22.05.25 | फरमान पुत्र वहीद नि. 2300 गली नं. 63 ई-2, 3th 60 फीट रोड मोलारबन्द नई दिल्ली |
| 5. | 207 M.V. ACT | स्प्लैण्डर 2008 | UK08L 7073 | 07M03C204 34 | 07M15M22237 | 30.05.25 | धर्मेन्द्र पुत्र तेजपाल नि. ग्राम टीकोला शाहपुर शीतलाखेडा हरिद्वार |
| 6. | 207 M.V. ACT | यामहा आर.एक्स 100-2001 | UP12E 8961 | DFFBGH 90823 | DFMBGH 73224 | 30.05.25 | दिक्षादेव शर्मा पुत्र सतराम नि. 15/ए गऊशाला नदी रोड मु.नगर |
| 7. | 207 M.V. ACT | स्पलैण्डर 2005 | HR07H 2863 | 05D16F1923 3 | 05D15E19343 | 07.06.25 | राजीव पुत्र चन्दुराम नि. ग्राम उमरी थाना थानेश्वर जिला कुरूक्षेत्र हरियाणा |
| 8. | 207 M.V. ACT | स्पलैण्डर | UP12M 4285 | 06F16C610 83 | 06F15M60880 | 13.06.25 | अमित त्यागी पुत्र नरेश त्यागी नि. जट मुझेडा थाना सिखेडा मु.नगर 9389757706 |
| 9. | 207 M.V. ACT | 2025 | UP12CA 8547 | MBLHAW 2335HC4804 8 | HA11EDSHC41 71 | 17.07.25 | सोना पुत्र मुबारिक नि. म. सं. 149/36 किदवई नगर खालापार मु.नगर 8439671280 |
| 10. | 207 M.V. ACT | HF डिलक्स 2019 | UP12AZ 1692 | MBLHAC 02XK9D334 24 | HA11EMK9D3 3920 | 18.07.25 | शोकिन्द्र पुत्र धर्मपाल नि. भंडूर थाना सिखेडा मु. नगर 9389757706 |
| 11. | 207 M.V. ACT | स्पलैण्डर 2002 | UP12F 6522 | M1107F0867 65 | M1107M08815 1 | 25.07.25 | प्रविन्द कुमार पुत्र बरमूला शर्मा नि. ग्रा+पो.-भौरा खुर्द मु.नगर |
| 12. | 207 M.V. ACT | HF डिलक्स 2013 | UP12AD 8847 | MBLHA11E WD9J55331 | HA11EFD9J581 63 | 17.07.25 | प्रदीप कुमार पुत्र शाराम सिंह नि. 186 मखियाली मु. नगर 9759503739 |
| 13. | 207 M.V. ACT | स्पलैण्डर 2005 | DL7SAT 0756 | 05C16C262 86 | 05C15M26395 | 19.08.24 | जब्बार मलिक पुत्र बसर मलिक नि. बी-26 ओल्ड सीलमपुरी दिल्ली |
| 14. | 207 M.V. ACT | स्पलैण्डर | UP12AY 4285 | MBLHAM 096KHB219 47 | HA10AGKHB4 7032 | 23.02.25 | सोनू पुत्र सुग्रीव नि. 852 रामपुरी को. नगर मु.नगर |
| 15. | 207 M.V. ACT | स्पलैण्डर | UP12N 8477 | 07F23F1337 5 | 07F22E08352 | 14.09.25 | नीरज कुमार पुत्र सत्यदेव नि. हुसैनपुरा बोपाडा थाना मंसूरपुर मु.नगर |
| 16. | 207 M.V. ACT | स्पलैण्डर | UP12BZ 1138 | MBLHAW 234RHGC7 730 | H11E8RHG844 58 | | जावेद पुत्र मौ. कय्यूम नि. 437 मल्लहुपुरा थाना सि. ला. मु.नगर |

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**
**मुजफ्फरनगर**

## शहीदों को किया गया नमन

**मुजफ्फरनगर।** अनु सचिवॉ भारत सरकारॉ ग्रह मंत्रालयॉ नार्थ ब्लॉकॉ नई दिल्ली के पत्र सं.कृ 2/01/2026 Public दिनांक 21-01-2026 के अन्तर्गत उल्लिखित किया है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की याद में प्रति वर्ष 30 जनवरी को पूरे देश में पूर्वान्ह 11:00 बजे 02 मिनट का मौन रखा जाता है। इसी क्रम में भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशो के आधार पर 30 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे 02 मिनट का मौन धारण किया जायेगा जिसके दौरान कार्यालय के कार्य एवं गतिविधियों को रोक दिया जायेगाॉ मौन धारण की अवधि शुरू होने से 01 मिनट पहले सम्बन्धित टीम द्वारा शायन बजाकर सूचना दी जायेगी व मौन की अवधी पूर्ण होने के 01 मिनट बाद 11:03 बजे तक पुन: क्लियर शायरन बजाया जायेगा।

## सड़क के नीचे की मिट्टी कटने से मार्ग अवरुद्ध

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव जौला में स्थित इस्लामिया मदरसे के बराबर में जो मेन रोड शामली वाया करनाल हाइवे की और गया है वह बृहस्पतिवार की सुबह अचानक से सड़क के नीचे की मिटी कटने से पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। जिसके दो वीडियो भी सोशल मीडिया पर जरा सी ही देर में वायरल भी हो गये हैं। इस में आने जाने वाले वाहनों के चालक काफी परेशान दिखाई पड़ रहे हैं। इस संबंध में जौला यूथ क्लब के एक पदाधिकारी जीशान अहमद ने बतलाया कि उनके गांव जौला में बुढाना कांधला मार्ग से शामली करनाल हाइवे की तरफ एक रास्ता मदरसे से होकर गुजरता है। जो फिलहाल अवरुद्ध हो चुका है लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नही है। किसानों का एक मात्र यह रास्ता है और बताया जाता है कि कुछ समय पहले ही इसका निर्माण हुआ था। इसको लेकर किसानों में काफी गुस्सा है। आते जाते लोगों ने इस मार्ग के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वारयल कर संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाया लेकिन कोई भी अधिकारी काफी घंटों बाद भी मौके पर नहीं पहुंचा। रास्ता इतना कट गया है कि रात में तेज रफ्तार वाहन के आवागमन से कोई भी बडी दुर्घटना हो सकती है। फिलहाल दोनों साइडों पर जौला यूथ क्लब के पदाधिकारियो ने बड़े बड़े पत्थर रख दिए हैं ताकि कोई वजन वाला वाहन इस और ना गुजर सके क्योंकि कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। क्या संबंधित अधिकारी या कर्मचारी इस और ध्यान देंगे।

## संत रविदास जयंती शोभायात्रा को लेकर थाना प्रभारी का रूट भ्रमण

**रामराज।** थाना प्रभारी रवेंद्र सिंह यादव ने संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रूट भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने शोभायात्रा के प्रस्तावित मार्गों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी ने संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर जोर दिया।

रूट भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों, आयोजकों और समाज के जिम्मेदार व्यकितयों से संवाद कर सहयोग की अपील की तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि शोभायात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

## सीओ ने मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ की बैठक

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना परिसर में बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह ने कस्बे के मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ एक आवश्यक बैठक की। जिसमें उनके द्वारा सभी मुस्लिम धर्मगुरुओं से अपील की गयी कि सभी धार्मिक स्थलों पर जो भी लाउडस्पीकर लगे हैं उनको उतरवा लिये जाए। तब धार्मिक स्थलों के बाहर लगे लाउडस्पीकर सर्व सम्मति से हटाने का निर्णय यहां पर लिया गया। बैठक में धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज पूर्व निर्धारित निर्देशों के अनुसार मस्जिद परिसर के अंदर ही रखने का निर्णय लिया गया। सभी ने सहमति जताई कि बाहर लगे लाउडस्पीकर हटाकर धार्मिक स्थलों के परिसर के अंदर रखे जाएंगे। यहां पर लाउडस्पीकर को लेकर हुई चर्चा पर सभी ने सहमति जताई और बताया कि लाउडस्पीकर की आवाज बहुत तेज ना हो इस पर सभी ने सहमति जताई। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से कोतवाल सुभाष बाबू अत्री, क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह, बुढ़ाना महिला थाना इंचार्ज सुमन शर्मा, गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना के अलावा खुशह्लद मंसूरी और जौला गांव की मस्जिद के पेश इमाम गुलबाहर सहित आदि पेश इमाम और मुतवल्ली भी उपस्थित रहे।

## भागवत बच्चों में संस्कारों की नींव मजबूत करने में अहम भूमिका : ब्रह्मस्वरूपांनद

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित मानव चेतना केंद्र धाम में श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके पांचवें दिन अमृत ज्ञान की वर्षा करते हुए ऋषिकेश से आए कथा वाचक स्वामी ब्रहमस्वरूपांनद महाराज ने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि परिवार और समाज को संस्कारवान बनाने का सशक्त माध्यम है।

कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े आदर्श, कर्तव्य और भक्ति का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का उद्देश्य केवल श्रवण नहीं, बल्कि उसके संदेशों को जीवन में उतारना है। भागवत कथा श्रवण से मनुष्य के भीतर सत्य, प्रेम, करुणा और संयम जैसे गुणों का विकास होता है। माता-पिता की सेवा, गुरु का सम्मान और पारिवारिक एकता का जो संदेश मिलता है। बच्चों में संस्कारों की नींव मजबूत करने में भागवत कथा की अहम भूमिका है। भागवत कथा मन को शुद्ध कर व्यक्ति को सत्य, अहिंसा, करुणा और सेवा भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। घर का वातावरण शुद्ध व सकारात्मक बनता है। आपसी मनमुटाव कम होते हैं और परिवार के सदस्यों के बीच प्रेम व सद्भाव बढ़ता है। बुजुर्गों को सम्मान और युवाओं को जीवन की सही दिशा मिलती है। कथा में मानव चेतना केंद्र परिवार से जुडे हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, यूपी के विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं भाग ले रहे है। कथा की व्यवस्था में प्रेम कोहली, ब्रहम प्रकाश शर्मा, रमेश गोयल, हिमांशु, हरिओम, अशोक, राजेश, डा.ओम, डा. दिलबाग नेहरा मुख्य भूमिका निभा रहे है।

## भैंसा बोगी में टककर मारने वाले कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मोरना।** चीनी मिल मोरना मे गन्ना डालकर गांव लौट रहे किसान की भैंसा बोगी मे भोपा मार्ग पर कार ने टककर मार दी जिसमे किसान घायल हो गया। घायल का अस्पताल मे उपचार जारी है वहीं पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव अथाई निवासी विपुल कुमार ने बताया की बीते शनिवार की शाम उसका चचेरा भाई अनुज कुमार मोरना चीनी मिल में गन्ने डालकर भैसा बुग्गी लेकर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह मिल के गेट से बाहर निकल कर अपनी साईड में चला तभी मोरना की तरफ से आ रही कार संख्या यूपी22एवाई 1143 का चालक कार को तेजी व लापरवाही से चलाकर लाया और भैंसा बुग्गी में पीछे से टक्कर मार दी। आरोपी चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया। जिससे अनुज को गम्भीर चोट आई और भैंसा भी घायल हो गया तथा बुग्गी भी टुट गयी है। अनुज को घायल अवस्था मे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोरना चौकी प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया की पुलिस ने आरोपी की कार को कब्जे मे लेकर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एस आई आर नोटिस की सुनवाई को उमड़ी भीड़

**जानसठ।** एस आई आर को लेकर जारी किए गए नोटिस के जवाब को लेकर पिछले दो दिनों से लोगों की लगातार भीड़ उमड़ रही है। अधिकांश लोग आय प्रमाण पत्र एवं सामान्य निवास प्रमाण पत्र आदि को लेकर इधर-उधर भटकते देखे जा रहे हैं, नोटिस की सुनवाई पशु चिकित्सक डॉ.विजय कर्णवाल आदि द्वारा की जा रही है,इस दौरान फिरोज अंसारी ने कहा कि नोटिस सुनवाई के दौरान जिन दस्तावेजों की मांग की जा रही है वह सामान्य नागरिक की पहुंच से बाहर है ।

## यूजीसी के विरुद्ध बिराल में प्रदर्शन

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम बिराल में गांव बिराल के जनप्रतिनिधि अंकुश प्रताप सिंह के नेतृत्व में यूजीसी कानून के विरोध में शांतिपूर्ण जन आंदोलन देखने को मिला। इस प्रदर्शन में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकार से यूजीसी कानून को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि प्रस्तावित यूजीसी कानून से आम जनता के अधिकारों पर असर पड़ेगा और यह कानून विशेष रूप से स्वर्ण समाज के खिलाफ है। यह कानून समाज में असमानता और तनाव को बढ़ावा देगा। प्रदर्शन में लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाकर सरकार से जनभावनाओं का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि यदि यूजीसी कानून को वापस न लिया गया तो आंदोलन तेज होगा। वे किसी भी ऐसे कानून को स्वीकार नहीं करेंगे जो समाज के किसी वर्ग पर अन्याय करता हो। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। ग्राम बिराल का ये प्रदर्शन क्षेत्र में चर्चाओं में रहा और आने वाले दिनों में आंदोलन के विस्तार की संभावना जताई गई। यहां जन प्रतिनिधि अंकुश प्रताप सिंह, सतबीर सिंह, ठाकुर बिजेंद्र, किसान मजदूर संगठन के ग्राम बिराल अध्यक्ष मदन सिंह, अमरीश सिंह, मुकेश सिंह, विजय सिंह, मोहित राय, हिमांशु सिंह, विवेक प्रताप, नागेंद्र सिंह, आर्यन, संदीप, राहुल, सुधीर सिंह, डाक्टर लीला, रौनक, बलवंत, सतीश, सुखबीर, शुभम, पप्पन, राजेंद्र सिंह, सचिन, अध्यक्ष श्री पाल फौजी, अंकुर, विक्की आदि सैंकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# कार्यशाला में किसानों की कृषि तकनीक को सराहा

**मुजफ्फरनगर।** उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार सिरोही ने बताया कि आज लखनऊ में संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय फसल अनुसन्धान प्रणाली एवं भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के संयुक्त तत्वाधान में भारत एवं केन्या के चयनित क्षेत्रो के किसानो तथा जलवायु व सामाजिक मूल्यों के अनुकूल बेहतर पर्यावरण और प्राकर्तिक संसाधनों के सरंक्षण के साथ लाभकारी कृषि तकनीकों व नवाचारों के समन्वय पर कार्यशाला में उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही द्वारा उत्तर प्रदेश के चयनित पांच जनपदों में मुज़फ्फरनगर को शामिल करने के लिए धन्यवाद दिया गया और आश्वस्त किया गया कि मुज़फ्फरनगर में परियोजना के मानकों पर खरा उतरते हुऐ कृषि विविधीकरण और जलवायु




चुनौतियों को कृषकों को लाभकारी समाधान प्रदान करते हुए कार्य किया जायेगा।

इस अवसर पर कृषि निदेशक उ प्र डॉ पंकज त्रिपाठी, निदेशक आई आई एफ एस आर डॉ सुशील कुमार, सेवा निवृत अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ अमित मोहन प्रसाद, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# तहसील में सवालों की कतार, जवाबों से पहले थक गए मासूम

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील परिसर गुरुवार को सिर्फ दस्तावेज़ों की जांच का गवाह नहीं बना, बल्कि वहां मासूम सवालों और बेबस हालातों की भी सुनवाई होती दिखी। मतदाता सूची के सत्यापन ह्वस्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर) के लिए आई महिलाओं के साथ मौजूद छोटे-छोटे बच्चों ने जब थककर अपनी मांओं से पूछा माँ जी, हमारा क्या कसूर है?ह्वतो माहौल कुछ पलों के लिए थम सा गया।

प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर अभियान के तहत उन मतदाताओं को नोटिस भेजे गए हैं, जिनके नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज नहीं पाए गए। नोटिस मिलने के बाद ग्रामीण इलाकों से हजारों लोग दस्तावेज़ों के साथ तहसील पहुंचे। सुबह से ही परिसर में भारी भीड़ जमा हो गई, लेकिन न छांव का इंतजाम दिखा और न ही पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था।महिलाएं छोटे बच्चों को गोद में लेकर कतारों में खड़ी रहीं। कई बार धूप और भीड़ के बीच बच्चों को संभालना उनके लिए बेहद मुश्किल साबित हुआ।भूख, प्यास और धूल में बीता बचपन

सुनवाई की प्रक्रिया लंबी खिंचने के साथ ही हालात और कठिन होते चले गए। कई बच्चे भूख-प्यास से रोते नजर आए, तो कुछ महिलाएं अपने आंचल से बच्चों को धूप से बचाने की कोशिश करती दिखीं। कुछ मासूम मजबूरी में तहसील परिसर के धूल भरे आंगन में ही खेलते दिखे,जहां बचपन को खेल तो मिला, लेकिन सुकून नहीं।

महिलाओं ने सवाल उठाया कि ह्हम वर्षो से वोट डालते आ रहे हैं, हर चुनाव में हमारा नाम सूची में रहता है। फिर अब हमें अपने छोटे बच्चों के साथ घंटों लाइन में क्यों खड़ा किया जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रेन की चपेट में आने से छात्र की मौत

## एलएलबी का छात्र था मृतक आरिफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जरा सी बात पर ही एलएलबी के छात्र ने मौत को गले लगाने का फैसला कर लिया और स्कूल जाने को कहकर घर से निकलने के बाद छात्र ने ट्रेन के आगे अपनी जान दे दी। इसके बाद इस परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक छा गया। हालांकि परिवार के लोग आत्महत्या की घटना को एक हादसा कह रहे हैं। मामला कुछ भीहो मृतक सब्जी बेचकर पढ़ाई करता था और पिता भी मजदूरी करता है। मामला हादसे का है या फिर युवक ने किसी बात को लेकर यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नई मंडी क्षेत्र के नजदीकी गांव के आरिफ पुत्र इदरीश सब्जी बेचता था और वह मेहनत मजदूरी करके पढाई भी करता था। आरिफ के पिता भी मेहनत मजदूरी करते है और यह



परिवार मिलनसार और अच्छे व्यवहार का है।

सूत्रों का कहना है कि इदरीश ने आरिफ को गोद लिया था और आरिफ के एक बहन भी है। कुल मिलाकर इस परिवार में दो भाई बहन है। घटना आज सवेरे 9 बजे की है। आरिफ घर से स्कूल जाने को कहकर निकला और कुछ देर बाद ही परिवार को खबर मिली कि आरिफ की ट्रेन के आगे आने से मौत हो गई है।

आरिफ की पहचान उसके पास से मिले स्कूल के आईकार्ड से हुई है। जैसे ही यह खबर परिवार के लोगों को लगी तो यहा रोना पीटना मच गया और इस खबर से गांव के लोगों के भी दिल दहल उठे। परिजन व ग्रामीण व पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इस घटना से पूरे दिन शोक छा गया। लोगों का कहना है कि आरिफ व इदरीश अच्छे परिवार के है और मिलनसार है और आरिफ भी मिलनसार था।

### पुलिस ने उतरवाए लाउडस्पीकर

**बुढ़ाना।** पुलिस क्षेत्र अधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने भारी पुलिस बल लेकर अपने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बुढ़ाना कस्बे की कई मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर मस्जिद के मुतवल्लियों और पेश इमामों को मौके पर बुलवाकर उतरवा दिए और कहा कि वे अब मस्जिदों की मीनारों पर कोई भी लाउडस्पीकर ना लगाएं। इन सभी लाउडस्पीकर को मस्जिदों से उतरवाने का कारण यही बताया गया कि इन सभी लाउडस्पीकरों को तेज आवाज में बजाया जा रहा था। यहां पर मुख्य रूप से बुढ़ाना क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार अमन कुमार, बुढ़ाना महिला थानाध्यक्षा सुमन शर्मा, बुढ़ाना एसएसआई ललित शर्मा, बायवाला पुलिस चौकी इंचार्ज रणवीर सिंह और गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज ललित कुमार कसाना सहित अन्य रहे।

# मछलियों के मृत मिलने पर हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** बैराज से निकलने वाली गंगनहर, जो ग्राम देवल होते हुए ग्राम टिकौला से होकर रामराज व गढ़मुकतेश्वर की ओर जाती है, उसमें अज्ञात लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ डालने का गंभीर मामला सामने आया है। जहरीला पदार्थ मिलाए जाने से नहर में बड़ी संख्या में मछलियां मृत अवस्था में पाई गईं, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार गंगनहर में जहरीली दवा डाले जाने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन कथित मिलीभगत के चलते हर बार मामला दबा दिया गया।

जहरीले पानी के कारण नहर का जल पूरी तरह दूषित हो गया है, जिससे चरवाहों को अपने पशुओं को गंगनहर का पानी पिलाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस पानी को पीने से पशुओं की जान को खतरा बना रहता है। इस जहरीली दवा के कारण न केवल छोटी और बड़ी मछलियों की मौत हुई है, बल्कि नहर में रहने वाले अन्य छोटे जीव-जंतु भी प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों ने इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से तीन लाख से अधिक की ठगी

**छपार।** विदेश भेजने के बहाने एक युवक से 3 लाख 15 हजार रुपए ठग लिये। पीड़ित ने एक महिला चार आरोपियों के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव बरला निवासी ताजिम ने पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था तो गल्फ कम्पनी बैंगलोर की डिस्ट्रीब्यूटर रुचिका घोष का फोन आया कि वे उसका पासपोर्ट बनवा देंगे और नौकरी भी लगवा देंगे उसके लिए तीन लाख 15 हजार रुपए देने होंगे उसे बायोमेट्रिक के लिए बैंगलोर बुलाया और सभी कागजात की फोटो स्टेट लेली। पीड़ित की पत्नी ने उनके द्वारा बताये गये तीन व्यकितयों रुपए, विश्वास व श्यामदास के खाते रुपए भेज दिये उसके बाद महिनों तक उनका कोई फ़ोन नहीं आया उसने खुद फोन किया तो वादे करते रहे लेकिन रुपये नहीं दिये परेशान होकर पीड़ित ने उनके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज का प्रदर्शन

**मोरना।** यूजीसी कानून को स्वर्ण समाज के खिलाफ हथियार बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग आयोजित पंचायत मे की गयी।तथा स्वर्ण समाज के जारी शोषण पर भारी रोष प्रकट करते हुए प्रदर्शन किया गया।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव छछरौली मे स्थित एक निजी विद्यालय मे गुरुवार को यूजीसी कानून के विरोध मे स्वर्ण समाज द्वारा एक पंचायत के आयोजन अंकित चौहान के नेतृत्व मे किया गया। जहां संपूर्णानंद त्यागी ने कहा की देश के विकास मे स्वर्ण समाज का बड़ा योगदान है। किन्तु जानबूझ कर स्वर्ण समाज के अधिकारों को छीनने का काम किया जा रहा है। आज 90 प्रतिशत अंक लाने वाले स्वर्ण समाज के छात्र की योग्यता को नकार कर वहां 60 प्रतिशत अंक वाले को तरजीह दी जा रही है। अजय कृष्ण शास्त्री ने कहा की फिल्मो व नाटको आदि मे स्वर्ण समाज की छवि को गलत ढंग से प्रस्तुत किया गया है। स्वर्ण समाज की छवि दबंग दिखाई जाती है जबकि स्वर्ण समाज ने समाज को बहुत कुछ देने का काम किया है। देश व प्रदेश की भाजपा सरकार को बनाने मे भी स्वर्ण समाज का विशेष योगदान है। किन्तु आज स्वर्ण समाज के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।यूजीसी कानून का दुरपयोग निश्चित है। इसे स्वर्ण समाज के खिलाफ एक हथियार के रूप मे प्रयोग किया जाएगा।सरकार यूजीसी कानून को तुरंत वापस ले। अन्यथा स्वर्ण समाज उग्र आंदोलन व धरना प्रदर्शन को मजबूर होगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से वीरेंद्र सिंह डॉ. ओमपाल सिंह. डॉ. रामकुमार सिंह, डॉ. संजीव शर्मा, नरदेव सिंह,सोनू चौहान, शरद शर्मा,राहुल चौहान, विक्की शर्मा,अनुज गोयल,धनपाल सिंह, सतपाल सिंह, विवेक शर्मा सौरव शर्मा, पप्पू,अमित,सोनू, बिजेंद्र सिंह ठाकुर,सुखबीर सिंह चौहान, कल्लू ठाकुर आदि मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: पुलिस से नोंक-झोंक के बाद मौके पर जमा हुए भाजपाई।

# गन्ना विभाग के उपप्रबंधक से लाखों की ठगी

## लोन दिलाने के नाम पर फीनो पेमेंट बैंक खाते में नकदी ट्रांसफर कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल भसाना के गन्ना विभाग के उप प्रबंधक के साथ लोन दिलाने के नाम पर लगभग चार लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है।

पीड़ित ने इस संबंध में साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उप प्रबंधक को बीते वर्ष अगस्त माह में रॉयल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी से एक मोबाइल कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम आशीष गुप्ता बताया और खुद को कंपनी का मैनेजर बताया। उसने दावा किया कि उनकी कंपनी आरबीआई में पंजीकृत है और लोन देने के लिए अधिकृत है।

पीड़ित को 04 लाख रुपये के लोन की आवश्यकता थी जिस पर उसने तुरंत सहमति दे दी। इसके बाद आशीष गुप्ता ने पीड़ित से लॉगिन फीस जमा करने को कहा। पीड़ित ने बीती 08 अगस्त सन 2025 को अपने एसबीआई बैंक बघरा में बने खाते से 2005 रुपये क्यूआर कोड के माध्यम से भेजे। ये राशि फिनो पेमेंट बैंक के एक खाते में जमा हुई। आशीष ने बताया कि लोन स्वीकृत हो गया है और जल्दी ही बैंक खाते में धनराशि भेज दी जाएगी जिसमें ब्याज सहित पूरी राशि शामिल होगी। पीड़ित ने आशीष गुप्ता व विशाल नेहरा के कहने पर विभिन्न शुल्कों के नाम पर कई बार पैसे भेजे जो फिनो पेमेंट बैंक के खातों में गए।

जिसमें इन लोगों ने 3 लाख 98 हजार रुपये की ठगी की हालांकि पीड़ित को कोई राशि प्राप्त नहीं हुई। बीते 04 सितंबर को ठगों ने पीड़ित को रॉयल फाइनेंस कंपनी के लेटर पैड पर एक पत्र भेजा। जिसमें सेक्शन कोड 648 और अटेंशन कमैटमेंट का उल्लेख था। जब पीड़ित को लोन नहीं मिला और लाखों रुपये ले लिए गए तो उसने कंपनी की जांच की। जांच में पता चला कि यह कंपनी आरबीआई में पंजीकृत नहीं है और एक फर्जी कंपनी है।

पीड़ित ने बताया कि इन लोगों ने धोखाधड़ी से फर्जी कमिटमेंट अटेंशन लेटर भेजकर कुल 03 लाख 98 हजार रुपये की ठगी की है।

पीड़ित ने इस मामले में अज्ञात ठगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर पुलिस ने भी ठगों की तलाश शुरु कर दी है।

# बिना हेलमेट रोकने पर भाजपाइयों व पुलिसकर्मियों में हुई नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** यातायात नियमों को लेकर सड़कों पर चल रहे चैकिंग अभियान के दौरान गुरुवार को मुजफ्फरनगर के मेरठ रोड पर हंगामा हो गया। नगरपालिका के सभासद प्रशांत गौतम को हेलमेट नहीं लगाने पर रोका गया तो उन्होंने पुलिसकर्मी की कार्रवाई का विरोध किया। दोनों में काफी देर तक नोकझोंक हुई, जिसके बाद अन्य सभासदों ने पहुंचकर हंगामा किया और जानकारी राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को दी गई।

गुरुवार को मुजफ्फरनगर नगरपालिका के युवा सभासद प्रशांत गौतम किसी कार्य से सदर तहसील में बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान पीडब्लूडी कार्यालय के पास पुलिसकर्मी ने चौकिंग के लिए उन्हें रोक लिया। पुलिस ने उनकी बाइक के कागजों की जांच और हेलमेट नहीं लगाकर चलने पर चालान कटने के निर्देश दिए। इस बात पर सभासद प्रशांत गौतम भड़क गए और पुलिसकर्मी पर हावी होते हुए अन्य वाहन चालकों को भी बिना हेलमेट चलने सवाल खड़े किए। उन्होने चालान काटने पर आपत्ती दर्ज की। इस बात पर दोनों में काफी देर तक नोकझोंक हुई। सभासद प्रशांत गौतम ने बताया कि उन्होंने खुद का परिचय दिया, जिसके बाद अन्य सभासदों को फोन कर बुलाया।

सभासदों ने वहां चालान काटने को लेकर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिसकर्मी ने उनका चालान नहीं काटा।

इसके बाद सभासदों ने राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल को टेलीफोन कर मामले की जानकारी दी और पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की मांग की। उधर पुलिसकर्मी ने भी अपने उच्च अधिकारी को मामले से अवगत करा दिया। करीब आधे घंटे चले इस हंगामे के कारण सड़क पर भी अव्यवस्था फैल गई।

# रिक्शा निर्माता कम्पनी से 51.98 लाख की वसूली

## जीएसटी विभाग की टीम ने छापा मारकर की जांच पड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राज्य कर विभाग ने बुधवार रात खतौली में जीएसटी चोरी में एक बड़ी कार्रवाई की है। ई-रिक्शा निर्माता कंपनी सुपुर मैट्रो इंडस्ट्रीज में जांच के दौरान टीम ने बड़ी गड़बड़ी पकड़ी है। फर्जी बिलिंग से ईटीसी लेने सहित अन्य कर चोरी में विभाग ने 51.98 लाख की वसूली भी की है।

स्टेट जीएसटी विभाग की एसआईबी विंग के संयुक्त आयुक्त सिद्धेश चन्द्र दीक्षित के निर्देश पर उपायुक्त मनोज कुमार शुक्ला ने टीम के साथ खतौली क्षेत्र स्थित सुपर मैट्रो इंडस्ट्रीज में छापा मारा। इस दौरान टीम ने वहां इंडस्ट्रीज का भौतिक सत्यापन किया।

रातभर चली जांच में टीम ने मौके पर सुपर मैट्रो इंडस्ट्रीज परिसर में 83.17 लाख मूल्य का माल मौके पर कम पाया, जिस पर कानूनी नियम से विभागीय अधिकारियों ने 14.96 लाख कर के रूप में जमा कराया गया।

इसके अतिरिक्त भी फर्म द्वारा वास्तविक माल की प्राप्ति किए बिना केवल इनवॉइस एवं ई-वे बिल जैसे प्रपत्र प्राप्त कर बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई। जिस पर फर्म संचालकों ने 37.02 लाख की अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) ली गई थी, जिसे जांच के बाद जीएसटी विभाग ने वापस जमा कराया गया।

ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित ने बताया कि इस प्रकार संबंधित व्यापारी से कुल 51.98 लाख की धनराशि राज्य कर विभाग द्वारा जमा कराई गई।

कुछ प्रपत्र भी कब्जे में लिए हैं, जिससे आगे की जांच की जा रही है। फर्जी पेपर की चेन पर भी काम हो रहा है। जांच टीम में योगेन्द्र प्रसाद सिंह, मो. दानिश (सहायक आयुक्त), राजेन्द्र शर्मा एवं सरदार अहमद सहित राज्य कर अधिकारी मौजूद रहे।

# बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर पम्प संचालकों पर होगी कार्रवाई

## डीएम ने परिवहन आयुक्त के आदेशों को दी गति

■ डीएसओ व एआरटीओ को दिए चैकिंग के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के साथ ही जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने एवं आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग को चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

गुरूवार को डीएम ने प्रदेश के परिवहन आयुक्त नो हेलमेट, नो फ्यूल रणनीति को लागू कराने के लिए बिना हेलमेट पेट्रोल देने वाले पंप सचालकों पर भी शिकंजा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर कार्रवाई को और अधिक सख्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा 129 एवं उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली-1998 के नियम 201 के अंतर्गत सभी दोपहिया वाहन चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षात्मक हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इन नियमों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटर वाहन अधि. नियम की धारा 177 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है, जिसमें जुर्माने का प्रावधान है।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तथा जिला पूर्तिअधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित कर जनपद के सभी पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी पेट्रोल पम्प पर बिना हेलमेट पहने वाहन चालकों को ईंधन उपलब्ध न कराया जाए।डीएम ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी पेट्रोल पम्प संचालक या स्वामी द्वारा बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल देते हुए पाया गया, तो संबंधित पम्प के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पेट्रोल पम्प मालि. कों से भी प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की अपील की है, ताकि इस अभियान को सफल बनाकर सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। डीएम के निर्देश के बाद यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की टीम के साथ जिला पूर्ति अधिकारी ने जिलेभर में चैकिंग अभियान चलवाया और पेट्रोल पंपों पर तेल लेने आए लोगों को जागरूक करते हुए हेलमेट पहनने की भी हिदायत देते हुए कहा कि दुर्घटना से बचने को यह जरूरी है।

# महिला आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

■ डीएम कार्यालय पर धरना देकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश नेतृत्व के आहवान पर महिला आंगनबाडी कर्मचारी संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया। उन्होंने चेतावनी दी गई कि जब आंगनबाडी सहायिकाओं की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट पर कुसुम लता चौधरी की अध्यक्षता और सोनिया रानी के संचालन में रामद. ुलारी, राजबीरी, सतबीरी, गीता शुक्ला, सुदेश, फूलमेश शर्मा, सोनम रानी, मुकेश, सरिता त्यागी, मीरा त्यागी, शीला सैनी, राजकुमारी, सविता प्रजापति, अमृता त्यागी, मंजू चौहान, कमलेश ने कहा कि यह धरना सहायिकाओं की समस्याओं और मानदेन वृद्धि को लेकर दिया गया है। जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने कहा कि यदि सरकार फिर भी नहीं सुनती है तो सहायिकाएं हड़ताल पर चली जाएंगी। जिला संरक्षक अजब सिंह ने महिलाओं की एकजुटता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अभी तक सरकार की ओर से एक दिमाग पर ध्यान नहीं दिया गया है जब तक मांगे पूरी नहीं होगी पूरे प्रदेश में आंदोलन जारी रखा जाएगा।



मुजफ्फरनगर: दिल्ली में अवार्ड से सम्मानित रमानागर।

### रमानागर विद्यापीठ अवार्ड से सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** कल नयी दिल्ली में इडिया इंटरनेशनल सेंटर लोधी रोड पर महिला समृद्धि सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रमानागर राष्ट्रीय सचिव रालोद पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत मुजफ्फरनगर को राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय हीरालाल शास्त्री संस्थापक देश विदेश में बालिकाओं की प्रतिष्ठित एवं अग्रणीय विश्वविद्यालय बनस्थली विद्यापीठ अवार्ड से सम्मानित किया गया। रमानागर ने बनस्थली अध्ययन के दौरान संस्मरण को याद किया और उनको दिए गए हीरालाल शास्त्री स्त्री समृद्धि सम्मान 2025 के लिए बनस्थली परिवार का धन्यवाद दिया।

# 'पंख पोर्टल' से छात्रों को मिलेगी नई उड़ान

## सरकार की पहल से करियर मार्गदर्शन होगा आसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** छात्रों का भविष्य संवारने और सटीक करियर मार्गदर्शन के उद्देश्य से शुरू किए गए 'पंख पोर्टल' का शुभारंभ राजकीय इंटर कॉलेज में किया गया। यहां छात्र-छात्राओं ने पोर्टल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। मेले का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश वास्तव ने किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और सही मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ने का संद. ेश दिया। संचालन सुचित्रा सैनी ने किया जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि श्पंख पोर्टलश एक आधु. निक डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जो छात्रों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप करियर विकल्प चुनने में सहयोग करेगा। इस पोर्टल के माध्यम से छात्र विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास योजनाओं और रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी एक ही

मंच पर प्राप्त कर सकेंगे। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि वर्तमान समय में करियर को लेकर छात्रों के सामने अनेक विकल्प होते हैं, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे में श्पंख पोर्टलश एक प्रभावी मार्गदर्शक की भूमिका पीएम राजकीय इंटर कॉलेज में कैरियर मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के विकल्पों को लेकर महत्वपूर्ण जानक. ारी दी गई। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को करियर चयन से जुड़े उपयोगी टिप्स दिए और उनकी जिज्ञासाओं का




समाधान किया। करियर मेले के दौरान तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने के इच्छुक छात्र-छात्राओं को पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में उपलब्ध विभिन्न कोर्सों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आईआईटी कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया, वहां की पढ़ाई, प्रतिस्पर्धा और पढ़ाई पूरी करने के बाद मिलने वाले रोजगार के अवसरों के बारे में भी विशेषज्ञों ने विस्तार से समझाया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुभाष चंद, प्रियंका वर्मा, उप प्रधानाचार्य नितिन कुमार, आदर्श कुमार, ब्रह्म प्रकाश आदि मौजूद रहे।




# सौहार्द के साथ मनाएं संत रविदास जयंती: बंसल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने कहा कि सभी आयोजक संत रविदास जयंती पर साम्प्रदायिक सौहार्द्र को बनाये रखते हुये पर्व को परम्परागत तरीके से मनायें।

जिलाधिकारी श्री बंसल आज कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में संत रविदास जयंती के पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आयोजकों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं, समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जाएगा। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे कि एक दूसरे की धार्मिक भावनाएं आहत हों। शोभायात्रा परंपरागत मार्गों से ही निकाली जाएं। अनावश्यक रूप से कोई नई परंपरा ना डालें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी भी समुदाय की भावनायें आहत हों। उन्होंने उपस्थित सभी आयोजकों से पर्व को शान्ति पूर्वक मनाने एवं कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। श्री बंसल ने कहा कि ड्यूटी पर तैनात सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करें। समस्त अधिकारियों को शोभायात्रा के रूटों पर साफ-सफाई एवं पानी की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। विद्युत विभाग ध्यान रखें कि शोभायात्रा वाले मार्गों पर विद्युत तार यदि जर्जर हैं तो उन्हें बदला जाए या फिर सुनिश्चित किया जाए कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। उप जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में संयुक्त रूप से भ्रमण कर स्थानीय स्तर पर पूर्व में हुई अप्रिय घटनाओं व समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए उनका निराकरण करें। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों से संवाद बनाकर रखें जिससे यात्रा में आने वाली किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करना सुनिश्चित करें जिससे शोभायात्रा सकुशल शांतिपूर्वक सम्पन्न हो सकें। उन्होंने सभी आयोजक से कहा कि शोभायात्रा निकालने से पूर्व परमिशन अवश्य लें ले। श्री बंसल ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं पंचायती राज के अधिकारियों को साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी द्वारा समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि शोभायात्रा की अनुमति के सम्बन्ध में प्रत्येक दशा में रूट चार्ट संलग्न किया जाये तथा आयोजकों को भी रूट चार्ट से अवगत करा दिया जाये एवं परम्परा के अनुसार ही शोभायात्रा निकाली जाये। उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले संवेदनशील व अतिसंवेदनशील ग्रामों में निकाले जाने वाली शोभायात्राओं के संबंध में क्षेत्राधिकारियो व थानाध्यक्षों को विशेषरूप से सतर्क रहने हेतु निर्देश दिये गये। एसएसपी श्री तिवारी ने कहा कि आयोजक इस बात का ध्यान रखें कि पर्व को इस प्रकार से मनाया जाए कि किसी अन्य को असुविधा न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, एसपी सिटी व्योम बिंदल, एसपी देहात सागर जैन, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारीगण सहित समस्त शोभायात्रा आयोजक उपस्थित रहे।

# डा. अजय ने गिनवाई मेडिग्राम की उपलब्धियां




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेडिग्राम द सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के 10 सफल वर्ष पूरे करने पर हॉस्पिटल निदेशक व प्रबन्धन ने अपनी उपलब्धियों को गिनवाते हुए भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

अस्पताल परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में हॉस्पिटल के निदेशक डा. अजय सिंह ने कहा कि वर्ष 2016 में स्थापित मेडिग्राम हॉस्पिटल बीते एक दशक में सहारनपुर व आसपास के जिलों के लिए भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में उभरा है। अस्पताल ने अब तक 5 लाख से अधिक ओपीडी मरीजों का उपचार किया है। इसके साथ ही 65 हजार से ज्यादा हृदय संबंधी प्रक्रियाएँ, 1.20 लाख रेडियोलॉजी जांच, 15 हजार सर्जरी और 35 हजार से अधिक डायलिसिस सत्र सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं। मेडिग्राम हॉस्पिटल एनएबीएच 5 एडिशन मानकों के अनुरूप कार्य कर रहा है, जिससे रोगी का इलाज सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित होता है। अस्पताल आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को नि:शुल्क व कैशलेस उपचार मिल रहा है।

डा. अजय ने बताया कि भविष्य में सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के विस्तार, कैंसर केयर, डिजिटल हेल्थ और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर पर विशेष फोकस किया जाएगा।

# सरसावा, चिलकाना सुल्तानपुर में नहीं होने दी जाएगी गब्बर टैक्स की वसूली: फरहाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने कहा कि नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना व नगर पालिका सरसावा के नियम विरूद्ध पथ विक्रेता शुल्क की वसूली नहीं होने दी जायेगी।

फरहाद आलम ने कहा कि पिछले 15 सालों से नगर पालिका या नगर पंचायत द्वारा किसी किस्म का कोई शुल्क नही वसूला गया है, लेकिन लगभग दो माह से सुल्तानपुर नगर पंचायत तथा सरसावा नगर पालिका द्वारा इन सभी रेहड़ी पटरी वालों से 50 रुपये से लेकर 500 रुपये तक की धनराशि पथ विक्रेता शुल्क के रूप में वसूल की जा रही है। जबकि समस्त जिले व उत्तर प्रदेश में अन्य किसी भी नगर पंचायत या नगर पालिका द्वारा यह शुल्क वसूल नही किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारी वार्ता

**कहा-अधिकारियों से मिलकर किया जाएगा पर्दाफाश**

अधिकारियो से चल रही हैं जब ये टेक्स पूरे प्रदेश में नही लिया जाता फिर नकुड विधानसभा के दो कस्बो में ही क्यों लिया जा रहा है। रेहड़ी पटरी वालो से वसूला जा रहा गब्बर टेक्स पूरा बन्द होगा। उन्होंने कहा सवाल यह भी है कि नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना तथा सरसावा द्वारा वसूले जा रहे पथ विक्रेता शुल्क कितना सरकारी खजाने में जमा हुआ इसका भी खुलासा होना चाहिए। इसका पूरा पर्दाफाश किया जायेगा।

## न्याय की जीत बताया

**गंगोह।** यूजीसी के विवादित नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाये जाने को एकजुटता व न्याय की जीत बताते हुए वैश्य समाज ने स्वागत किया है।

सर्राफा बाजार के अध्यक्ष वरुण गर्ग ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से स्पष्ट है कि लोकतंत्र में किसी वर्ग विशेष के साथ अन्याय अस्वीकार्य है। यह मामला सवर्ण समाज के सम्मान, अधिकार और भविष्य से जुड़ा था। जिसके लिए सर्व समाज ने संगठित होकर लडाई लडी और जीत पाई। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्पीड़न के खिलाफ जाति नही सबके लिए समान अधिकार एवं सजा होनी चाहिए। राजेश गर्ग, नितिन गर्ग, रोहित गोयल, अतुल मित्तल, संदीप जैन, नितिन गोयल, संजय बिटल, अंकुर गोयल, अनवेश गर्ग, संदर्श गर्ग, अमित गर्ग, अर्पित गोयल व राजेश काका आदि रहे।

# चेयरमैन अब्दुल रहमान ने देखी व्यवस्थाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** शब-ए-बारात के मद्देनजर नगर पंचायत बेहट पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। नगर पंचायत चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया ने कब्रिस्तानों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान चेयरमैन अब्दुल रहमान उर्फ शालू भैया ने कब्रिस्तानों की साफ-सफाई, आने-जाने वाले रास्तों, प्रकाश व्यवस्था तथा पेयजल की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शब-ए-बरात से पहले सभी तैयारियां हर हाल में पूरी कर ली जाएं। चेयरमैन शालू भैया ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत ईदगाह के साथ-साथ नगर के सभी प्रमुख कब्रिस्तानों की साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, कूड़ा-कचरा हटाने, नालियों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। इसके अलावा रात के समय आने वाले लोगों को सुविधा देने के लिए लाइटिंग व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक अवसरों पर स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा नगर पंचायत की प्राथमिकता है। सफाई कर्मचारियों की अतिरिक्त टीमें लगाई गई हैं और अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं। कहीं भी लापरवाही मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। चेयरमैन ने नगरवासियों से भी अपील की कि वे शब-ए-बरात के मौके पर साफ-सफाई बनाए रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें और कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें। साथ ही उन्होंने शांति, भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

निरीक्षण के समय फरीद कुरैशी, मुराद राव, शोएब राव, सफाई नगर राकेश बिरला, फिरोज खान, शेखघ नादिर आदि सहित नगर पंचायत के अधिकारी, कर्मचारी तथा सफाईकर्मी मौजूद रहे।

# समाजसेवी अशोक सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुलिस प्रशासन के सहयोग व सामाजिक कार्यो में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवी अशोक मलिक को गणतंत्र दिवस के मौके पर सम्मान से नवाजा गया।

पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम में अशोक मलिक को राज्यमंत्री कुंवर बृजेश ने सम्मानित किया। सम्मान से नवाजे जाने के बाद अशोक मलिक ने कहा कि वह पिछले काफी लंबे समय से पुलिस प्रशासन का सहयोग करते रहे है। किसी भी विपदा के समय या सौहार्द बढाने के मामले में उन्होंने हमेशा एक नागरिक के नाते अपनी जिम्मेंदारियों का निर्वहन किया।

# नो मैपिंग सुनवाई में उमड़ी मतदाताओं की भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** तहसील पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। नोटिस जारी होने के बाद मतदाता अपने दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए पहुंच रहे हैं,। इस प्रक्रिया से सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को हो रही है जो रोजी-रोटी कमाने के लिए बाहर गए हुए हैं।

तहसील मुख्यालय पर सैकड़ों की संख्या में , सुनवाई के लिए ब्लॉक मुख्यालय आना पड़ रहा है। एस डी एम एवं निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि यह प्रक्रिया चुनाव आयोग और उच्च अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता को अपने दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ी संख्या में लोग मतदान से वंचित हो सकते हैं।

तहसील मुख्यालय पर बने 6 केंद्रों पर और 8 दिवसीय नोटिस नों मैपिंग की सुनवाई में 50% सुनवाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। गुरुवार को बेहट विधान सभा के 1150 मतदाताओं की आपत्तियों एवं दावों को सुना गया नो-मैपिंग के कारण मतदाता सूची में नाम कटने की आशंका से चिंतित मतदाताओं ने अपने आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र और पहचान पत्र सहित अन्य आवश्यक कागजात जमा कराए। बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने से तहसील परिसर में दिनभर भीड़ रही। एस डी एम ने बूथ निरीक्षण किया। दस्तावेज अपलोड प्रक्रिया का जायजा लिया और सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारीयों को निर्देश दिए कि सभी मतदाताओं का कार्य सुचारू, समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए, ताकि किसी को अनावश्यक परेशानी न हो। मतदाताओं ने बताया कि यदि समय पर दस्तावेज अपलोड नहीं हुए तो मतदाता सूची से उनका नाम कटने की आशंका है।। इस दौरान सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी नायब तहसीलदार मुजफ्फराबाद देवेन्द्र कुमार प्रजापति, तहसीलदार फैजाबाद भूपेन्द्र कुमार राजेन्द्र कुमार , रजत त्यागी,, मनीष कुमार, राजू आदि ने नो मैपिंग के कार्यो में सहयोग किया।

# व्यापारी ने दुकान के अंदर फांसी लगाकर दी जान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर क्षेत्र में एक व्यापारी ने दुकान के अंदर फंदा लगाकर जान दे दी।पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी।

मोहल्ला सुभाष नगर निवासी प्रीतम सिंह अंबाला रोड पर बैटरी और ऑटो पार्ट्स की दुकान करते थे। परिजनों के मुताबिक, प्रीतम घर से निकले थे। देर रात तक उनके वापस न लौटने और फोन का जवाब नहीं देने पर परिजनों को चिंता हुई। इसके बाद परिवार का एक सदस्य दुकान पर पहुंचा। दुकान का शटर आधा बंद था। अंदर प्रीतम सिंह फंदे पर लटके हुए थे। आनन-फानन में उन्हें नीचे उतारा गया। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया क्षेत्राधिकार प्रथम अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि थाना कुतुबशेर पुलिस को मेडिग्राम हॉस्पिटल, सहारनपुर द्वारा प्रीतम निवासी सुभाष नगर थाना कुतुबशेर की मृत्यु हो जाने की सूचना दी गई, तत्पश्चात पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। प्रारम्भिक जांच में यह प्रकाश में आया कि मृतक द्वारा अम्बाला रोड़ स्थित अपनी दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली गई है। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर कार्यवाही की जायेगी।

## खिलाड़ियों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, खेल भवन लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर वालीबाल बालक प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 5 फरवरी 2026 तक लखनऊ में किया जाएगा।

उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु मण्डल स्तरीय चयन/ट्रायल आज सम्पन्न हुआ जिसमें खिलाड़ियों का चयन किया गया गांधी पार्क स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में मण्डल स्तरीय चयनध्ट्रायल का आयोजन प्रवीन कुमार, सहायक प्रशिक्षक (बॉक्सिंग) की देख-रेख में किया गया। जिसमेंमण्डल स्तर पर चयनित सब जूनियर वालीबाल बालक खिलाड़ियों में हिमांशु कुमार, समर, भानु प्रताप, कार्तिक शर्मा, अविश मंचल, आदित्य पंवार, रूद्र चौधरी, तुषार राणा, सम्राट एवं देव राणा (सहारनपुर) तथा अनुराग एवं रोहन (शामली) शामिल हैं।

# सर्किट हाउस रोड पर लाईटिंग की मांग

## संत रविदास जयंती को लेकर आयोजकों ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संत रविदास जयंति महोत्सव के आयोजकों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मेयर व नगर आयुक्त से मिलकर संत रविदास मंदिर वाले क्षेत्रों में साफ सफाई के साथ ही सर्किट हाउस रोड पर लाईटों की लडियों से सजावट किये जाने की मांग की।

मेयर व नगर आयुक्त को दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि सर्किट हाउस रोड के दोनों साइड में रविदासी समाज के प्रमुख मौहल्लों ओजपुरा, जे जे पुरम, गलीरा, हसनपुर, सिद्धार्थ नगर, अशोक विहार, सर्वोदय विहार, कोरी माजरा, नवीन नगर आदि की झांकियां व जुलूस अपने-अपने मौहल्ले से होते हुए सर्किट हाउस रोड पर संयुक्त काफिले के साथ रात्रि में गुजरती है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होते है। इसलिये हसनपुर चौक से सर्किट हाउस रोड पर लाईटिंग की व्यवस्था की जाये। साथ ही उक्त सभी मौहल्लों में साफ सफाई की व्यवस्था की जाये।

ज्ञापन देने वालों में संजय तेगवाल, सुखपाल सिंह भास्कर, डा. अरविंद कुमार, जनेश्वर प्रसाद, डा. महेश चंद्रा, डा.ब्रजपाल सिंह, प्रवीण गौतम, बलवीर सिंह, विवेक कुमार, अनिल सहगल, नरेश चंद्रा, भूप सिंह, पूर्णसिंह, ब्रजपाल सहगल, करण सिंह, विरेंद्र बौद्ध आदि शामिल रहे।

# पदक जीतकर लौटी गुनगुन का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जम्मू यूनिवर्सिटी जम्मू में 22 से 25 जनवरी तक आयोजित हुई खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग जोनल लीग 2025-26 (नॉर्थ जोन) में सहारनपुर की होनहार खिलाड़ी गुनगुन ने उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए प्वाइंट फाइट इवेंट के -32 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर जनपद व प्रदेश का नाम रोशन कर दिया। खिलाड़ियों के शानदार खेल के बलबूते उ.प्र. की टीम ने किकबॉक्सिंग लीग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित स्वागत समारोह में सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीण कुमार ने गुनगुन को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता गुनगुन की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में किकबॉक्सिंग की ये होनहार खिलाड़ी गुनगुन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेंगी। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ सहारनपुर के अध्यक्ष अजय कुमार और सचिव मनोज प्रजापति ने गुनगुन की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ये खिलाड़ी पिछले कई महीनों से किकबॉक्सिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है और पूर्व में भी कई प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। उन्होंने बताया कि किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव अरविन्द शेरवालिया ने सहारनपुर की किकबॉक्सिंग खिलाड़ी गुनगुन के प्रदर्शन की सराहना की। खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग नॉर्थ जोन लीग में कांस्य पदक जीतने पर गुनगुन को सहारनपुर के क्रीडाधिकारी राहुल चोपडा, सहारनपुर मंडल ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, जिला ओलम्पिक संघ सहारनपुर के सचिव डॉ. संदीप गुप्ता, सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीन कुमार, कनिष्ठ सहायक शिवनंदन, एथलेटिक्स कोच लाल धर्मेंद्र प्रताप, विशाल, अजय कुमार, मनोज प्रजापति, रमा आर्य, आकाश सैनी, लखन कुमार आदि ने शुभकामनाएँ दी।

# आफिया शेख ने किया नाम रोशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे के मौहल्ला सड़कपार निवासी छात्रा आफिया शेख ने कक्षा 11 में कक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त कर ने पर विद्यालय की तरफ से 26 जनवरी के अवसर पर ट्रॉफी मिलने पर अपने विद्यालय, परिजनों और गुरुजनों का नाम रोशन किया है। छात्रा की उपलब्धि पर परिजनों ने मिठाई खिलाकर छात्रा का हौंसला बढ़ाया।

दरअसल जनता इण्टर कालेज बेहट का पिछले शिक्षा सत्र का परीक्षाफल घोषित किया गया था जिसमे विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा 11 कॉमर्स की छात्रा आफिया शेख पुत्री इकघ्बाल शेख निवासी मौहल्ला सड़कपार बेहट ने अपनी कक्षा में शत प्रतिशत अंक पाकर कक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त किया था । छात्रा की इस उपलब्धि से कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चन्द्र सागर, वरिष्ठ प्रवक्ता अरुणकुमार गौतम तथा अध्यापक हर्ष धीमन ने गणतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्रा आफिया शेख को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया है। छात्रा को कॉलेज प्रशासन की तरफ से ट्राफी दिया जाने पर परिजनों में खुशी की लहर है और छात्रा को मिठाई खिलाकर उसकी हौसला अफजाई की। छात्रा के बेहतर अंकों से उत्तीर्ण होने पर पत्रकार सत्तार शेख अरशद शेख, अशफाक शेख अजहर शेख शाहनवाज शेख वक्कार शेख अब्दुल वाजिद सभासद , मिर्जा अब्दुल मालिक जिशान , मुनीर चौधरी हाजी आफताब पीरजादा, शेखघ मौ नादिर, राशिद, आदि ने खुशी जाहिर की है।

# मोबाइल झपटने के मामले में तीन पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने मोबाइल झपटने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को वादिया अशिता पुत्री राजेंद्र निवासी मित्तर नर्सरी बेहट रोड थाना कोतवाली देहात ने सदर बाजार कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने पीछे से आकर उसका मोबाइल झपट्टा मारकर छीन लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव व उपनिरीक्षक जयवीर सिंह के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों बंटी पुत्र अतर सिंह, गुरदेश पुत्र हरपाल व टीनू उर्फ सुनील पुत्र हरिराम निवासीगण रामनगर थाना देहात कोतवाली को मुखबिर की सूचना पर विनोद विहार के पास खाली पड़े मैदान के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया।

पुलिस के अनुसार दबोचे गए आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके खिलाफ अलग-अलग मामलों में अनेक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# अंडरपास बने राहगीरों के लिए जी का जंजाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** रेलवे फाटकों पर बनाए गए अंडरपास राहगीरों के लिए बन रहे जी का जंजाल दो दिन पहले हुई बारिश के बाद भिक्कनपुर रेलवे अंडर पास में भरे पानी में 20 मिनट तक फसी रही हरियाणा के यात्रियों की कार।तभी राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने रस्से एवं ट्रैक्टर के द्वारा कार बाहर निकलवाई।

गुरुवार को हरियाणा कैथल प्रताप गेट हनुमान मंदिर निवासी दीक्षित बंसल , इंद्रजीत शर्मा,हरजीत अपनी सफेद आई 20 कार में सवार हो हाईवे के रास्ते सहारनपुर जा रहे थे। जैसे ही वह सरसावा टोल प्लाजा के समीप पहुंचे तो टोल बचाने के चक्कर में हाईवे से सटे गांव भिक्कनपुर अंडरपास के रास्ते निकलने का प्रयास करने लगे हालांकि उन्हें अंडरपास में पानी तो दिखाई दिया पर पानी ज्यादा होने का अंदाजा नहीं लगा पाए कार में पानी भरते ही कार बंद हो गई।आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने डायल 112 पुलिस को मामले की सूचना दी पीआर वी यूपी 32 डीजी 5986 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद रस्से एवं ट्रैक्टर द्वारा कार बाहर निकलवाई। कार चालक दीक्षित बंसल ने बताया कि टोल फीस से बचने के लिए शॉर्टकट रास्ते द्वारा सहारनपुर जाना चाहते थे।जैसे ही हाईवे से उतर अंडर पास में पहुंचे तो पानी ज्यादा होने से कार फस कर बंद हो गई।

कार सवारों ने उत्तर प्रदेश डायल 112 पुलिस टीम के हेड कांस्टेबल रोहित कुमार, कास्टेबल त्रिलोक चंद एवं चालक संजय कुमार का धन्यवाद किया।

